Result Mitra Daily Magazine

आखिर क्यों गर्मियों में चलने वाली लू (हीटवेव) नहीं है अधिसूचित आपदाओं की सूची में शामिल

चर्चा में क्यों?

देश के कई हिस्सों में लंबे समय से पड़ रही भीषण गर्मी ने इस बात पर बहस फिर से छेड़ दी है कि क्या हीटवेव को आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 के तहत अधिसूचित आपदाओं में शामिल किया जाना चाहिए, साथ ही आखिर क्यों गर्मियों में चलने वाली लू (हीटवेव) अधिसूचित आपदाओं की सूची में शामिल नहीं है।

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार हीट वेव का निर्धारण

- ग्रीष्म लहर (हीट वेव) असामान्य रूप से उच्च तापमान की वह स्थिति है, जिसमें तापमान सामान्य से अधिक रहता है और यह मुख्यतः देश के उत्तर-पश्चिमी भागों को प्रभावित करता है।
- भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार किसी क्षेत्र को हीट वेव से प्रभावित के रूप में वर्गीकृत करने के लिए, मैदानी क्षेत्रों के लिए अधिकतम तापमान न्यूनतम 40°C और पहाड़ी क्षेत्रों के लिए 30°C तक पहुँचना चाहिए।
- यदि अधिकतम तापमान 40°C या उससे कम है, तो हीट वेव को सामान्य से 5°C से 6°C तक विचलन माना जाता है, जबकि गंभीर हीट वेव में 7°C या उससे अधिक का विचलन होता है।
- जिन क्षेत्रों में अधिकतम तापमान 40°C से अधिक है, वहां हीट वेव को सामान्य से 4°C से 5°C तक विचलन के रूप में वर्गीकृत किया जाता है, जबकि गंभीर हीट वेव में 6°C या उससे अधिक का विचलन होता है।
- हालांकि, यदि वास्तविक अधिकतम तापमान 45°C या उससे अधिक हो जाता है, तो क्षेत्र को हीट वेव से प्रभावित घोषित किया जाना चाहिए, भले ही विशिष्ट तापमान सीमा कुछ भी हो।

अधिसूचित आपदा के बारे में:

- आपदा प्रबंधन अधिनियम, 1999 के ओडिशा के सुपर-साइक्लोन और 2004 की सुनामी के बाद पारित किया गया था।
- यह अधिनियम किसी आपदा को "प्राकृतिक या मानव निर्मित कारणों" से होने वाली "विपत्ति, दुर्घटना, या गंभीर घटना" के रूप में परिभाषित करता है, जिसके परिणामस्वरूप जान-माल का भारी नुकसान होता है, संपत्ति का विनाश होता है या पर्यावरण को नुकसान होता है।
- यह ऐसी होनी चाहिए जो समुदाय की सामना करने की क्षमता से परे हो।
- अगर ऐसी कोई घटना होती है, तो आपदा प्रबंधन अधिनियम के प्रावधानों का इस्तेमाल किया जा सकता है।
- ये प्रावधान राज्यों को इस कानून द्वारा स्थापित दो निधियों : राष्ट्रीय स्तर पर राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया कोष (NDRF) और राज्य स्तर पर राज्य आपदा प्रतिक्रिया कोष (SDRF) से धन प्राप्त करने की अनुमति देते हैं।

Result Mitra

- राज्य शुरू में SDRF में उपलब्ध धन का उपयोग करते हैं, और केवल तभी जब आपदा की प्रकृति SDRF की क्षमता से अधिक हो जाता है, तो राज्य NDRF से धन का अनुरोध करते हैं।
- वर्तमान में इस अधिनियम के अंतर्गत आपदाओं की 12 श्रेणियां अधिसूचित हैं।
- ये इस प्रकार हैं: भूकंप, सूखा, चक्रवात, आग, बाढ़, सुनामी, ओलावृष्टि, भूस्खलन, हिमस्खलन, बादल फटना, कीटों का हमला, तथा पाला और शीत लहरें।

हीटवेव या लू को अधिसूचित आपदाओं में शामिल न करने का कारण

- यद्यपि भारत में लू कोई नवीन घटना नहीं है।
- उत्तरी, पूर्वी और मध्य भारत के व्यापक क्षेत्रों में गर्मी से संबंधित बीमारियाँ और मौतें व्यापक रूप से फैली हुई हैं, लेकिन 2005 में आपदा प्रबंधन अधिनियम लागू होने तक इन्हें आपदा नहीं माना जाता था।
- ऐसा इसलिए था क्योंकि लू गर्मियों के दौरान एक सामान्य घटना थी, साथ ही इसका संबंध विशेष रूप से किसी असाधारण मौसम संबंधी घटना से नहीं था।
- अपितु गत 15 वर्षों में लू अधिक गंभीर और निरंतर प्रकृति की हो गयी है।
- साथ ही आर्थिक गतिविधियों में लगातार होती वृद्धि के कारण, बहुत अधिक संख्या में लोग काम या अन्य कारणों से बाहर रहने के लिए मजबूर हैं, जिससे उन्हें लू लगने (हीट स्ट्रोक) का खतरा है।
- गौरतलब है कि देश में 23 राज्य ऐसे हैं जो हीटवेव से ग्रस्त हैं।
- जिस कारण इन राज्यों के साथ-साथ कुछ संवेदनशील समुदायों ने उच्च ताप के प्रभावों को संबोधित करने के लिए हीट एक्शन प्लान (HAP) विकसित की हैं।
- हीट एक्शन प्लान के अंतर्गत छायादार क्षेत्र बनाना, सार्वजनिक स्थानों पर ठंडे पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करना और विद्यालय, कॉलेज और कार्यस्थल के काम के घंटों को पुनर्गठित करना जैसे प्रयास शामिल हैं।
- यद्यपि इन पहलों के लिए खर्च की आवश्यकता होती है, लेकिन राज्य सरकारें उनके लिए SDRF का उपयोग करने में असमर्थ रही हैं।
- यही कारण है कि कई राज्यों की मांग हैं कि हीटवेव को आपदा प्रबंधन अधिनियम के तहत अधिसूचित आपदा के रूप में शामिल किया जाए।
- ध्यातव्य है कि अगर हीटवेव को अधिसूचित आपदा के रूप में मान्यता मिल जाती है, तो राज्य आपदा प्रतिक्रिया निधि का उपयोग मुआवज़ा और राहत देने के साथ-साथ हीटवेव प्रबंधन से संबंधित कई अन्य कार्य करने में कर सकेंगे।
- वर्तमान में, राज्यों को इन पहलों के लिए अपने स्वयं के धन का उपयोग करना होता है।

Result Mitra

केंद्र सरकार द्वारा हीटवेव को अधिसूचित आपदा के रूप में शामिल नहीं करने का तर्क

- दरअसल राज्यों ने पिछले तीन वित्त आयोगों (संवैधानिक निकाय, जो केंद्र और राज्यों के बीच वित्तीय संसाधनों के वितरण के संबंध में अनुशंसा करता है) के समक्ष हीटवेव को घोषित आपदा के रूप में शामिल करने का अनुरोध किया है।
- हालांकि, वित्त आयोग पूरी तरह से राज्यों के इस अनुरोध से सहमत नहीं हुए हैं।
- 15वें वित्त आयोग, जिसकी सिफारिशें वर्तमान में लागू की जा रही हैं, के अनुसार अधिसूचित आपदाओं की मौजूदा सूची "अधिकांशतः राज्यों की मांगों को पूरा करती है"।
- हालांकि, इसने पिछले आयोग द्वारा लगाए गए एक सक्षम खंड का समर्थन किया, जिसके तहत राज्यों को एसडीआरएफ निधि का कम से कम एक हिस्सा - 10% तक - बिजली गिरने या हीटवेव जैसी "स्थानीय आपदाओं" के लिए उपयोग करने की अनुमति दी गई थी, जिसकी रिपोर्ट राज्य स्वयं कर सकते हैं।
- इस नए खंड का उपयोग करते हुए, कम से कम चार राज्यों - हरियाणा, उत्तर प्रदेश, ओडिशा और केरल - ने हीटवेव को स्थानीय आपदा घोषित किया है।
- अपितु , केंद्र ने वित्त आयोग का हवाला देते हुए इसे राष्ट्रीय आपदा घोषित करने के आह्वान को खारिज कर दिया है।
- हालांकि हीटवेव को आपदाओं की सूची में शामिल करने में हिचकिचाहट का मुख्य कारण संभावित रूप से वित्तीय प्रभाव है।
- क्योंकि अधिसूचित सूची में शामिल किसी आपदा के परिणामस्वरूप मरने वाले प्रत्येक व्यक्ति के लिए , सरकार को 4 लाख रुपये की राशि वित्तीय मुआवज़ा के रूप देने की आवश्यकता होती है, साथ ही गंभीर चोटों के लिए भी मुआवज़ा प्रदान किया जाता है।
- भले ही हाल के वर्षों में लू से होने वाली मौतों की संख्या विशेष रूप से अधिक न रही हो, फिर भी हीटवेव हर साल बहुत से लोगों की जान ले लेती है।
- हालाँकि, अब परिस्थिति बदल रही हैं।
- क्योंकि इस वर्ष ही अब तक 500 से अधिक गर्मी से संबंधित मौतें दर्ज की गई हैं।
- साथ ही सरकार द्वारा मुआवज़ा देने के बाद और भी मौतें सामने आ सकती हैं।
- इसके अलावा हीटवेव को मृत्यु दर से जोड़ने में कठिनाई दूसरा कारक है।
- चूंकि आम तौर पर, गर्मी लोगों को नहीं मारती है।
- अधिकांश मौतें विभिन्न अंतर्निहित चिकित्सा समस्याओं का परिणाम होती हैं जो तीव्र गर्मी से बढ़ जाती हैं।
- कभी-कभी यह निर्धारित करना चुनौतीपूर्ण होता है कि क्या गर्मी ही मृत्यु का मूल कारण थी।
- यह पिछली आपदाओं से काफी अलग है जहां पीड़ितों की पहचान सरल और आसान होती है।
- दूसरी ओर, अधिसूचित आपदा के रूप में शामिल किए जाने से हीटवेव के प्रबंधन में सुधार हो सकता है।
- गर्मी से संबंधित बीमारियों और मौतों की बेहतर रिपोर्टिंग होगी, और अधिकारी हीटवेव के प्रभावों को कम करने के लिए अधिक सतर्क होंगे।

Result Mitra